संख्या- 5/2018/2970/33-2-2018-184जी/2018

प्रेषक,

जितेन्द्र बहादुर सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, कानपुर देहात ।

पंचायती राज अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 13 जुलाई, 2018

विषय- जनपद कानपुर देहात के तहसील व विकास खण्ड डेरापुर के ग्राम परौख में मॉडल बस्ती विकास योजना के अन्तर्गत तैयार की गई कार्ययोजना के सापेक्ष जिलानिधि से धनराशि उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी, कानुपर देहात के पत्र संख्या-96/अव0सुवि0/2018, दि0 18-06-2018 का संदर्भ् ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जनपद कानपुर देहात के तहसील व विकास खण्ड डेरापुर के ग्राम परौख में मॉडल बस्ती विकास योजना के अन्तर्गत तैयार की गई कार्ययोजना लागत रू0 106.06 लाख में से 36.06 लाख की धनराशि जिला पंचायत की जिलानिधि से स्वीकृत किये जाने हेतु शासन स्तर से यथोचित आदेश निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है ।

2- अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिलाधिकारी, कानपुर देहात द्वारा प्रेषित किये गये प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त जिला पंचायत, कानपुर देहात की जिलानिधि से रू0 36.06 लाख की धनराशि जनपद कानपुर देहात के तहसील व विकास खण्ड-डेरापुर के ग्राम-परौख में मॉडल बस्ती विकास योजना अन्तर्गत विकास कार्यों हेतु स्वीकृत किये जाने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की जाती है ।

कृपया इस संबंध में अविलम्ब नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

जितेन्द्र बहादुर सिंह
विशेष सचिव।

संख्या- 5/2018/2970(1)/33-2-2018, तददिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) अध्यक्ष, जिला पंचायत, कानपुर देहात।
(2) जिलाधिकारी, कानपुर देहात को उपरोक्त संदर्भित् पत्र के संदर्भ में।
(3) गार्ड फाइल।

आज्ञा,

अवधेश कुमार खरे
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।